अपर महानिदेशक वी एस आर मूर्ती की अपर महानिदेशक तटरक्षक के पद पर नियुक्ति

12 अगस्त 16 को महानिरीक्षक वी एस आर मूर्ती की अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नति हुई तथा उन्हें तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में अपर महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया गया।

अपर महानिदेशक मूर्ती ने 18 जनवरी 1984 को तटरक्षक में कार्यभार ग्रहण किया था। तभी से फ्लैग अफसर ने पोतों एवं तटीय दोनों स्थानों पर विभिन्न महत्वपूर्ण कमान एवं नियुक्तियों को संभाला है। इन्होंने भारतीय तटरक्षक की सभी चार श्रेणी की बड़ी पोतों की कमान की है तथा इनके प्रमुख स्टॉफ नियुक्तियों में प्रधान निदेशक (नीति एवं योजना) एवं संयुक्त निदेशक (मानव संसाधन विकास) तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली तथा प्रमुख स्टॉफ अफसर (कार्मिक एवं प्रशासन), तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (पश्चिम), मुंबई सम्मिलित है।

इन्होंने दो संक्रियात्मक कमान, कमांडर तटरक्षक क्षेत्र (अंडमान एवं निकोबार), पोर्ट ब्लेयर तथा तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर-पश्चिम), कोलकाता, को संभाला है। अपर महानिदेशक, तटरक्षक पद पर नियुक्त होने से पूर्व अफसर तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में उप महानिदेशक (संक्रिया एवं तटीय सुरक्षा) के रूप में भारतीय तटरक्षक के संक्रियात्मक डिबीजन की अगुआई कर रहे थे। फ्लैग अफसर राष्ट्रीय सुरक्षा कॉलेज, नई दिल्ली तथा रक्षा सेवा स्टॉफ कॉलेज वेलिंगटन के पूर्व छात्र रहे है। पर महानिदेशक वी एस आर मूर्ति, उच्च अलंकृत अफसर है। इन्हें विशिष्ट सेवा के लिए 2012 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक तथा 2003 में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया गया है।